हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 11 जून 2025

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

14 स्वास्थ्य मंत्री ने निर्माणाधीन शासकीय चिकित्सा ...



14 बोर्ड परीक्षा टॉपर सहित मेधावी छात्र-छात्राओं ...



## खबर संक्षेप



### चार दिव्यांगजनों को मिले सहायक उपकरण

**कांकेर।** जिले के 4 दिव्यांगजनों को जिला पंचायत परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 को श्रवण यंत्र एवं एक को व्हील चेयर उपकरण प्रदाय किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सरोना के खुशहाली चन्द्रवंशी, दुर्गूकोंदल के ग्राम डांगरा निवासी ईश्वर लाल मरकाम और चारामा विकासखण्ड के ग्राम जैसाकर्रा की पूर्णिमा निषाद को श्रवण यंत्र एवं नरहरपुर के ग्राम रावस निवासी संदीप मण्डावी को व्हील चेयर प्रदाय किया गया।

### नालसा स्कीम के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**कांकेर।** पैरालिगल वोलेंटियर्स की मासिक बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांति जैन ने सभी पैरालिगल वोलेंटियर्स के कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही नालसा की नयी स्कीम नालसा साथी, नालसा जागृति, संवाद और नालसा आवाज उठाओ के संबंध में पैरालीगल वॉलेंटियर को जानकारी दिया गया। बैठक में न्याय तक पहुंच और कानूनी जागरूकता को सुदृढ़ करने के लिए नालसा जागृति योजना तैयार की गई है। जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर विकास और सुधार के लिए न्याय को बढ़ावा देना तथा स्थानीय स्वशासन संस्थानों के माध्यम से कानूनी जागरूकता फैलाना है।

### ऑयल पाम मेघा प्लांटेशन कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**दुर्गूकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के ग्राम कोंडरूंज में ऑयल पाम मेगा प्लांटेशन कार्यक्रम के तहत ग्राम कोडरुज निवासी कृषक लालसाय, सगऊ राम, रासो बाई के जमीन पर पौध रोपण का शुभारंभ किया गया। उद्यान अधीक्षक ने बताया कि ऑयल पाम 3 वर्ष से फल देना शुरू होगा, जो कि 25 से 30 वर्ष के बीच चलते रहेगा। आइल पाम योजना के अंतर्गत विकासखंड दुर्गूकोंदल के तरहुल सहित विकासखंड को 200 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए विभाग के द्वारा कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

### एडीईओ भर्ती परीक्षा के संबंध में 12 को बैठक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 जून दिन रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए 12 जून को परीक्षा केन्द्र क्रमांक 01 से 20 तथा केन्द्र क्रमांक 21 से 41 तक दो पाली में शासकीय भानुप्रतापदेव स्नाकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के समस्त केन्द्राध्यक्ष एवं समस्त पर्यवेक्षकों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया है।

### सिहारी में जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों ने किया श्रमदान

**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहारी में मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण करने के लिए विभिन्न गतिविधि किया गया, जिसमें ग्राम के तालाबों की सफाई श्रमदान से किया गया। ग्राम में रैली के माध्यम से जागरूकता ▶▶ शेष पेज 12 पर

---

**विवेचना : खाद्य अधिकारी ने किया स्वीकार, ट्रांसपोर्टर पर कार्रवाई होना तय**

# लाइसेंस के बिना खुले में डीजल का ट्रांसफर करने वालों पर गाज गिरने का है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

खाद्य विभाग डीजल की जांच कराने के लिए सैंपल लैब को भेजा है। लाइसेंस के बिना डीजल पंप चलाने वालों पर किसी भी तरह की कार्रवाई अभी तक शुरू नहीं की है। पुलिस का कहना है कि खाद्य विभाग मामले की जाँच कर रहा है, उसकी रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग का कहना है कि पुलिस का पत्र हमारे पास नहीं आया है। आईपीसी की धारा के तहत पुलिस को कार्रवाई करना है। हमारे द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कांकेर बायपास में 4 जून को खाद्य विभाग ने तीन टैंकर और एक मशीन को जप्त किया था, वहीं पर्ची लेकर डीजल भरवाने के लिए पहुँचे ट्रक को न तो पुलिस ने और न ही खाद्य विभाग ने अपने संरक्षण में लिया। ट्रक में पर्ची जायसवाल निको कंपनी की थी, जिनकों सिलतरा प्लांट से डीजल मिलना था, इनको खुले में किस नियम के तहत दिया जा रहा था, यह पूरी तरह से गड़बड़ी थी। इस शिकायत पर जिम्मेदार ने किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं किया। खुले में डीजल ट्रांसफर करने का खेल बिना लाइसेंस के चल रहा था, इसकी पुष्टि खाद्य विभाग ने भी किया है। यह स्पष्ट है कि लापरवाही बरती गई है, परंतु कार्यवाही के लिए एक सप्ताह में कोई भी कुछ नहीं बोल रहा है। इससे यही लग रहा है कि इस मामले में जिस ट्रांसपोर्टर का नाम सामने आया है, उसकी राजनैतिक और प्रशासनिक पकड़ इतनी मजबूत है कि छोटेडोंगर से लेकर रायपुर तक कुछ भी मनमानी कर सकता है।




लाइसेंस के बिना खुले में डीजल को ट्रांसफर करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की उठी मांग

#### खास बातें

- निको जायसवाल कंपनी के वाइस प्रेसीडेंट ने स्वीकार किया, लगाई जाएगी पेनल्टी
- डीजल को जाँच के लिए भेजा गया लैब, आज तक नहीं आई रिपोर्ट
- सैंपल लेने वाले अधिकारियों का कहना था कि ऐसा चिपचिपा डीजल पहली बार देखा

#### जीएम ने साधा लिया मौन

निको जायसवाल कंपनी की पर्ची पर डीजल कांकेर बायपास लेने के मामले की जानकारी छोटेडोंगर निको जायसवाल कंपनी के जीएम आशीष मिश्रा को हरिभूमि ने दिया। उनकी मांग पर पर्ची की फोटो वाट्सएप के माध्यम से भी भेजा गया था, परंतु उसके बाद जीएम आशीष मिश्रा फोन उठाने के लिए कतरा रहे है। पहली हुई बात में उन्होने यहीं कहा कि इसकी हमें जानकारी नहीं है। हमारी कंपनी की पर्ची वाले को डीजल सिलतरा प्लांट से मिलता है, बीच में डीजल कहीं नहीं मिलता है। इस मामले में अब जीएम ने मौन साध लिया है और काल रिसीव करने के लिए कतरा रहे है।

#### पैनल्टी लगाने का है प्रावधान

निको जायसवाल कंपनी के वाईस प्रेसीडेंट शिवदयाल उपाध्याय से इस विषय पर बात किया तो उन्होने बताया कि कंपनी से जो पर्ची मिलती है, उसे प्लांट से डीजल दिया जाता है। कंपनी की पर्ची लेकर बीच में कहीं से भी डीजल भरवाता है, उसकी जिम्मेदरी ट्रक और ट्रांसपोर्टर की होती है। ऐसी गड़बड़ी मिलने पर पेनल्टी लगाने का प्रावधान है, जो लगाया जाएगा।

#### डीजल संचालकों पर दर्ज होना चाहिए अपराध

कांकेर के पेट्रोल पंच के संचालकों का इस विषय पर यहीं कहना है कि सबसे पहले बिना लाइसेंस के इस खेल में शामिल सभी लोगों के खिलाफ धारा आईपीसी के धारा 285, धारा 336, धारा 269, धारा 270 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए था। इसके अलावा डीजल का सैंपल में डीजल मिलावट वाला मिलता है, ऐसे में धारा 420 आईपीसी के तहत कार्रवाई करने का प्रावधान पुलिस के पास है। ज्वलनशील पदार्थ को खुले में दो माह से जो खेल चल रहा था, उजागर होने के बाद कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की जरूरत है।

#### जांच रिपोर्ट तैयार, सैंपल का इंतजार

खाद्य विभाग अधिकारी जेआर नायक ने कहा कि जांच रिपोर्ट तैयार हो चुकी है, इसके अलावा डीजल के सैंपल को जाँच के लिए भेजा गया है। जाँच रिपोर्ट आने के बाद कलेक्टर के पास सौंपा जाएगा। नियमतः खुले में बिना लाइसेंस के ट्रकों में टैंकर के माध्यम से डीजल देने का प्रावधान नहीं है। सैंपल आने के बाद कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपा जाएगा। कांकेर थाना प्रभारी का पत्र मुझे नहीं मिला है। उनके पास आईपीसी के तहत का कार्रवाई करने का प्रावधान है, वे युवक कांग्रेस के शिकायत के आधार पर कार्यवाही कर सकते है।

---

### भतीजा को घूमने से किया मना, दोस्तों ने चाचा की कर दी पिटाई



- मामला दर्ज कर विवेचना में पुलिस ने लिया

**कांकेर।** भानबेड़ा में चाचा के द्वारा अपने भतीजे को बेवजह घूमने की बात बोलना महंगा पड़ गया। भतीजा को इधर उधर घूमता है बोलने से नाराज उसके साथियों ने चाचा के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। चाचा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। चाचा का पुलिस से कहना था कि आज के बच्चों को समझाना भी जी का जंजाल हो गया है। अच्छे बाते बोलने पर वह नाराज हो जाते है और जल्दी आवेश में आ जाते है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे भानबेड़ा निवासी 35 वर्षीय टेकन बघेल पिता स्व. कृष्णा बघेल हाल निवास इंदिरा आवासपारा पखांजुर निवासी ने पुलिस को बताया कि 3 जून को ग्राम भानबेड़ा आया था, तभी शाम 7 बजें मेरा भतीजा सानू बघेल को बोला कि क्यों इधर उधर घूमता है, समझा रहा था। उसी समय उसके साथ गांव के भावेश सलाम, सागर मंडावी एवं शाहिद खान तीनो मुझे बोलने लगे कि तू कौन होता है हमको समझाने वाला, ऐसा बोलते हुए सभी एक राय होकर मुझे गाली देने लगे और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट शुरू कर दिया। सागर मंडावी द्वारा डंडा से मारने से मेरे सिर के पीछे, बांए पैर एवं कमर मे चोट आई है। उस दिन ▶▶ शेष पेज 12 पर

---

# धान बोने की बात को लेकर दो किसानों में हुआ विवाद, मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

परवी में दो किसान के परिवार धान बोने की बात को लेकर विवाद करने लगे। विवाद धीरे धीरे मारपीट में बदल गया। दोनों पक्ष ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट किया। घटना के बाद दोनों पक्ष थाना पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत को सुनकर काउंटर केस दर्ज किया।

- दोनों पक्षों पर काउंटर केस दर्ज

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे शिकारीपारा परवी निवासी 50 वर्षीय देवनाथ कोरेटी पिता स्व. फागू राम कोरेटी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। 9 जून को पत्नी बुधोबाई, बेटा बिकेश कोरेटी, तामेश्वर कोरेटी, देवेन्द्र कोरेटी के साथ अपने पट्टे की जमीन पर धान बुआई करने गया था। हमारे पट्टे की जमीन से लगा नजूल जमीन करीबन 25 डिसमिल जमीन है,




जिसे दुर्गू राम मंडावी करीबन पांच वर्षो से कब्जा कर खेती करते आ रहा है। नजूल जमीन के साथ-साथ हमारे पट्टे की जमीन करीबन 2 एकड़ 75 डिसीमल जमीन को भी दुर्गू राम मंडावी के परिवार शिवेन्द्र मंडावी, सुल्तान मंडावी, फुलबत्ती, राधे लाल उसेंडी सुबह लगभग 9 बजे पहुंचकर अपना कब्जा बताकर, हमारे साथ गाली गलौज करने लगे। मेरे व परिवार के द्वारा उन्हें गाली देने से मना करने एवं हम हमारे अपने पट्टे की जमीन पर धान बुवाई कर रहे है, बोलने पर शिवेन्द्र मंडावी, सुल्तान मंडावी, फुलबत्ती, राधे लाल उसेंडी सभी एक राय होकर यह जमीन हमारा है। इस जमीन में तुम लोग कौन होते हो धान बुआई करने वाले, यह जमीन हमारा कब्जाशुदा है बोलने लगे और जान से मारकर खत्म कर देगें कहते हुए चारों नें लाठी डंडा व हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे सिर, बुधो बाई के पीठ व मेरे बेटे बिकेश के होंठ और तामेश्वर के सिर व पैर में चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राधेलाल, सुलतान, फुलमा बाई, शिवेन्द्र मंडावी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

दूसरे पक्ष से शिकारीपारा परवी निवासी 25 वर्षीय शिवेन्द्र मंडावी पिता दुर्गू राम ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 9 जून को देवनाथ कोरेटी के पास बात करने गया था। मेरे पट्टे के खेत मे धान बुआई कर रहा था, कब्जाधारी बताकर हमे गाली देने लगा। गाली देने से मना करने एवं हमारे अपने पट्टे जमीन पर धान बुवाई क्यों कर रहे हो बोलने पर आरोपी देवनाथ कोरेटी व उसका बेटा बिकेश ▶▶ शेष पेज 12 पर

---



### युक्तिकरण योजना से गरीब बच्चों के भविष्य के साथ होगा खिलवाड़

- कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**सरोना।** राज्य सरकार द्वारा युक्तिकरण योजना के तहत सरकारी स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से समायोजन किए जाने के निर्णय के विरोध में नरहरपुर में कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार एवं खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने संयुक्त रूप से सरकार से मांग किया कि पुराने और वर्षों से संचालित स्कूलों को बंद न किया जाए, क्योंकि इसका सीधा असर गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर यह आरोप लगाया कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के नाम पर लिए जा रहे निर्णय जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं। युक्तिकरण की आड़ में स्कूलों को बंद कर देना, विशेषकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में, वहां के बच्चों को शिक्षा से वंचित करने जैसा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि पुराने सरकारी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए, विद्यालयों की संख्या घटाने की बजाए, उनकी गुणवत्ता और संसाधनों में सुधार किया जाए, गरीब बच्चों के लिए शिक्षा सुलभ और सशक्त बने न कि उन्हें दूरी और संसाधनों के अभाव में पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर किया जाए। इस इलाके में कई स्कूल ऐसे हैं जो वर्षों से शिक्षा का केंद्र रहे हैं। इन्हें बंद करना केवल एक इमारत को बंद करना नहीं है, यह ▶▶ शेष पेज 12 पर

---

# कंहुचे रेलवे स्टेशन के पास सड़क जर्जर, विधायक ने जताई नाराजगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़

कुंहचे रेलवे स्टेशन का मंगलवार 10 जून को औचक निरीक्षण करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी ने रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज के दोनों ओर सड़क की जर्जर स्थिति को देख नाराजगी जताई। डिविजन रेलवे मैनेजर को बुलाकर सड़क को तुरंत दुरस्त करने के लिए निर्देशित किया।

जानकारी के अनुसार चारगांव मोटाबोदेली माइंस होने के चलते बड़ी बड़ी लोड गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है, जिसके कारण रेलवे स्टेशन ओवरब्रिज के दोनों ओर सड़क क्षतिग्रस्त हो चुका है। क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी का दौरा इसी मार्ग में हुआ तो वहां की क्षतिग्रस्त सड़क को देख काफी नाराज दिखे। ओवरब्रिज के पास रुककर देखा तो वास्तव में सड़क गायब थी, केवल वहाँ पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे थे। सड़क की जर्जर हालत को देखकर उपस्थित अधिकारियों को रेलवे के डीआरएम को बुलाकर क्षतिग्रस्त सड़क को दुरस्त करने निर्देशित किया। विधायक विक्रम उसेंडी शांत स्वभाव के नेता माने जाते है, उनकी यही छवि पूरे प्रदेश में मानी जाती है। सड़क की हालत को देखकर जिस तरह से नाराज विधायक दिखे, ऐसा उनको बहुत कम ही देखा गया है। उन्होने कहा कि रेलवे अधिकारीयो का इस ओर ध्यान नहीं देना समझ से परे है। विदित हो कि इस समस्या के बारे में कई बार ग्रामवासी आवेदन के माध्यम से अवगत करा चुके है, किंतु अधिकारी कुंभकर्णी नीद में सोए हुए है, जबकि ओवरब्रिज में बरसात के दिनों में पानी भर जाता है। लोगो को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, फिर भी अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं होना समझ में परे है। अब देखना होगा कि विधायक का आदेश को अधिकारी असलीजामा ▶▶ शेष पेज 12 पर

---

**स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने एमसीएच व जिला अस्पताल का किया निरीक्षण**

# डायलिसिस कक्ष में एसी और बरामदा में पंखा लगाने एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुँचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के आने की खबर मिलने पर मेडिकल कालेज की डीन ने अस्पताल को सजाकर रखा था, परंतु कई व्यवस्थाएं आज भी अधूरी थी। उन पर नजर पड़ते ही स्वास्थ्य मंत्री ने डायलिसिस कक्ष में एयर कंडीशनर लगाने और अस्पताल के बरामदे में पंखों को एक सप्ताह के भीतर लगाने का अल्टीमेटम दिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल में एमआरआई कक्ष, कंसोल रूम व डायलिसिस रूम का निरीक्षण किया। पुरूष वार्ड में मरीज करूराम से मुलाकात कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। जनरल वार्ड में भर्ती 86 वर्षीय बृजलाल साहू बागोडार जिसके पैरों में सूजन थी, उनसे बातचीत की। इस पर बृजलाल ने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड





के माध्यम से मुफ्त उपचार हो रहा है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह विष्णु का सुशासन है, यहां अच्छे से इलाज होता है। इस दौरान दुधावा निवासी रामबती निषाद से आशीर्वाद लेते हुए उन्हें "ठीक हो जाबे, दाई, तय चिंता झन कर" कहकर उनका उत्साहवर्धन किया। एमसीएच अस्पताल, अलबेलापारा फार्मेसी में दवाइयों की उपलब्धता की समीक्षा की और जेनेरिक दवाइयों के उपयोग एवं वितरण के निर्देश दिए। इसके पश्चात नेक्स्ट जेन सॉफ्टवेयर के माध्यम से रोगियों का पंजीकरण व मेडिकल रिकॉर्ड देखने का वर्कफ़्लो परीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री ने 121 एमबीबीएस अंतिम वर्ष के छात्रों पहला बैच कांकेर से संवाद कर उनसे स्नातक उपरांत ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों में सेवाएँ देने का आग्रह किया। फाइनल ईयर छात्र राहुल शर्मा ने गर्ल्स व बॉयज हॉस्टल में अलग-अलग बोर की मांग किया, जिस पर मंत्री ने तत्काल नलकूप खनन के निर्देश कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर को दिए। नवजात शिशु कक्ष का निरीक्षण कर उसे और सुसज्जित करने आदेश दिए। उन्होंने बाल चिकित्सा कक्ष में ईश्वर लाल मरकाम (13 वर्ष, विश्रामपुरी; मधुमेह से ग्रस्त) का स्वास्थ्य-इतिहास रेखांकित कर सीएमएचओ को बेहतर उपचार के लिए प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। इसके ▶▶ शेष पेज 12 पर

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव अमित कुमार कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा शिखा राजपूत तिवारी, सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत एवं अधिष्ठाता डॉ. खान, सीएमएचओ डॉ. महेश सांडिया, अस्पताल अधीक्षक डॉ. विमलचंद भगत, उपसंचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. महेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अस्पताल के स्टॉफ उपस्थित रहे।

---

# कलगांव के ग्रामीण पहुंचे एसडीएम कार्यालय, पानी की बताई समस्या



- मांग पूरी नहीं होने पर चक्काजाम की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंतागढ़

कलगांव के ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुँचकर एसडीएम को बताया कि गांव में पाइप लाइन बिछा दिया गया है, परंतु घरों तक पानी की सप्लाई नहीं होने से परेशानी हो रही है। विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम कलगांव के ग्रामीण हेमंत यादव, उगेश पटेल, प्रकाश पटेल, टिकेंद्र पटेल, जोगिंदर, जितेंद्र पटेल, प्रहलाद पटेल, तुलसीराम, सुखनाथ, रमेश एवं समस्त ग्रामवासियों ने एसडीएम से मुलाकात करने के उपरांत मीडिया को बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाई गई है, जो आज तक शुरू नहीं हो पाई है। एक भी घर में पानी नहीं पहुंच पाया है। ग्रामीणों के द्वारा लगातार शिकायत व मांग रखी जा रही, पर ठेकेदार की लापरवाही व गैरजिम्मेदारी की वजह से गांव वालों को जल जीवन मिशन का कोई फायदा नहीं मिल रहा है। गांव में बैठक करके पंचायत के माध्यम से पानी पाइप लाइन चालू किया गया, तो सभी वाल खराब व गुणवत्ताहीन निकले। इसके अलावा जगह जगह टूट फूट होने से पानी पाइप लाइन में पानी घरों तक नहीं पहुंच पा ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों से रहे सतर्क

**जगदलपुर।** मोर बिजली वॉट्सएप प्रोफाइल पिक्चर का उपयोग करके कुछ साइबर ठगों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं के मोबाइल में उपलब्ध जानकारी लीक होने की संभावना है। इस पर विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग (शहरीय) कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने उपभोक्ताओं को कहा कि ऐसे व्हाटसएप से सतर्क रहें।

### नवीन शैक्षिक सत्र की तैयारी के लिए हुई बैठक

**सुकमा।** आगामी शैक्षिक सत्र 2025-26 की तैयारियों को लेकर सोमवार को स्वामी विवेकानंद बहुउद्देशीय सभागार में जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी ने की। बैठक में मुख्य एजेण्डा शाला प्रवेश उत्सव, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, पुस्तकालयों की व्यवस्था, फर्नीचर, शाला त्यागी सर्वे रिपोर्ट अद्यतन रिपोर्ट, विद्यालय, एडीएम, भवनों का रंग-रोगन, बालिका शिक्षा एंव स्वास्थ्य आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने नए सत्र में प्रतिमाह मासिक टेस्ट, त्रमासिक व छः माही, मॉडल टेस्ट प्री टेस्ट एग्जाम के साथ पाठ्यक्रम विभाजन कर अध्यापन कराने, प्रवेश उस्तव के साथ न्योता भोजन करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में स्कूलों में पुस्तक प्राप्ति उपरान्त स्टॉक एंट्री के साथ बार कोड स्केन उपरान्त ही बच्चो को वितरण करने सभी प्रिंसिपल एंड सीएसी को ट्रैनिंग दिया गया। साथ ही लैंकिंग अपराध पर चर्चा एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोस्टर प्रत्येक संकुल समन्वयक को स्कूल मे लगाने के लिए प्रदान किया गया।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा चलायेगी संकल्प से सिद्धी तक अभियान, 25 जून तक होंगे विविध कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री ने संकल्पों को सिद्ध किया है : देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी का संकल्प से सिद्धी अभियान चलाया जा रहा है। इस विषय पर मंगलवार को भाजपा ने पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव ने मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कार्यकताअरं को बधाई देते हुये 25 जून तक चलाये जा रहे अभियान पर मार्गदर्शन दिया।

- प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन

उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो घोषणा करते हैं, उसे धरातल पर साकार रूप देते हैं। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में भारत लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ा हैं, मजबूत हुआ है। दुश्मनों को घर में घुसकर धूल चटाता है। सफलतम कार्यकाल के प्रत्येक कार्य धरातल पर दिखते है। आमजनों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिला है और लगातार मिल रहा है। किरण देव ने कहा कि संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम में भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधियों को जुड़ना है और निर्धारित कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों के मध्य पहुंचना है। जिन्हें भी कार्यक्रम विषयक दायित्व सौंपें गये हैं, उसका निर्वहन गंभीरता से करना है। कार्यशाला में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, लच्छू राम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, श्रीधर ओझा, रजनीश पाणिग्रही, व्ही एस राजपूत, ललिता बघेल, बाबुल नाग, नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा सहित जिले के सभी मण्डल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।






### देश समृद्ध व शक्तिशाली हुआ है

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश समृद्ध व शक्तिशाली हुआ है। प्रत्येक नागरिक इस बेहतर बदलाव को समझ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने अपने संकल्पों को सिद्ध किया है व जनहित की योजनाओं को जन जन तक सफलतापूर्वक क्रियान्वित भी किया है।

### शहादत को किया सलाम

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय एवं अभियान के संयोजक रुप सिंह मण्डावी ने विस्तार से कार्यक्रम की जानकारी रखी। संचालन जिला मंत्री नरसिंह राव ने किया। समापन में भाजपा कार्यकताअरं ने नक्सली हमले में बलिदान हुये कोंटा एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे को मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शहर में निकली मशाल रैली...




**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार की शाम को शहर में संविधान बचाओ यात्रा पर मशाल रैली निकाली। इसमें पूर्व विधायक रेखचंद जैन सहित कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। सभी के हाथ में मशाल था जो राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। मशाल रैली में कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सभी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

# अपनी गलत बयानी के लिए अरविन्द नेताम माफी मांगे : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में मंगलवार को प्रेसवार्ता में आदिवासी नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरज कश्यप ने कहा पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम और मंत्री केदार कश्यप के द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के संदर्भ में दिये गये बयान आदिवासी समाज को अपमानित करने वाला है। अरविन्द नेताम अपनी गलत बयानी के लिए सार्वजनिक माफी नहीं मांगते है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उनके विरुद्ध सार्वजनिक रूप से सामाजिक मंचो पर आवाज उठाई जाएगी।

- माफी नहीं मांगेंगे तो कानूनी कार्यवाही की जाएगी
- बस्तर की संपदा के लूट के खिलाफ बैज के विरोध से डरे भाजपाई नेताम को मोहरा बना रहे

उन्होंने कहा अपने राजनैतिक हित के लिए अरविन्द नेताम स्तर हीन आरोप लगा कर एक सच्चे आदिवासी नेता की छवि धूमिल करने का काम किया है। दीपक बैज को अपनी धार्मिक आस्था के लिये अरविंद नेताम, केदार कश्यप या आरएसएस से सार्टिफिकेट की आवश्यकता नहीं है।

सूरज कश्यप ने कहा दीपक बैज प्रकृति पूजक आदिवासी है, बूढ़ादेव, महादेव के उपासक है, जीवन के चौथे पहर वानप्रस्थ की अवस्था में अरविंद नेताम आरएसएस की पाठशाला से झूठ बोलने की जो शिक्षा नागपुर से लेकर आये है उसका बस्तर के ही आदिवासी नेता पर प्रयोग कर रहे है। बैज दंतेश्वरी माई के अनन्य भक्त है तथा बस्तर दशहरा कमेटी अध्यक्ष के रूप में 5 साल तक माई की सेवा करते रहे है। सांसद के रूप में उन्होंने आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा दिया, देवगुड़ी, घोटुल के संरक्षण एवं संवर्धन का काम किया है। प्रेसवार्ता में रविशंकर तिवारी, राजेश राय,पार्षद गौतम पाणिग्रही, संजय पाणिग्रही, युवा कांग्रेस प्रवक्ता जावेद खान, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।



### बैज के विरोध को बर्दाश्त नही कर पा रहे

सूरज कश्यप ने कहा अडानी और उद्योगपतियो के खिलाफ दीपक बैज के नेतृत्व में बस्तर से खनिज संपदा के लूट का विरोध हो रहा है उनके आंदोलनो को बर्दास्त नहीं कर पा रहे है। एनएमडीसी नगरनार संयंत्र के बेचे जाने के खिलाफ की जाने वाली पदयात्रा हो या बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती को बचाने की जाने वाली पदयात्रा हो। हाल ही में बस्तर की खनिज संपदा के बंदरबांट के खिलाफ किरंदूल से दंतेवाड़ा तक की गई पदयात्रा जिसमें हजारों की संख्या में बस्तरवासी इक्ट्ठा होकर बस्तर के हक की लड़ाई में अपनी एकजुटता प्रदर्शित किये उसके बाद से ही बस्तर को लूटने की योजना बनाने वाले लोग तिलमिला गये और बस्तर के ही वरिष्ठ आदिवासी नेता को मोहरा बनाकर अनर्गल प्रलाप करवा रहे हैं।

### धर्मांतरण पर मुख्यमंत्री श्वेत पत्र जारी करें

सूरज कश्यप ने कहा राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है प्रदेश के शहरी एवं मैदानी क्षेत्रों में भी धर्मांतरण की घटनायें बढ़ गयी है। भाजपा खुद धर्मांतरण को बढ़ावा देती है फिर वर्ग संघर्ष करवाती है। विपक्ष में रहते हुये धर्मांतरण के नाम पर फसाद करने वाले भाजपाई पिछले सवा साल से प्रदेश में होने वाली धर्मांतरण की घटनाओं पर चुप्पी साध लिये है। कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री को चुनौती देती है वे धर्मांतरण को लेकर श्वेत पत्र जारी करें। भारतीय जनता पार्टी की रमन सरकार में कितने चर्च बने थे और कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार के दौरान कितने चर्च बने थे, स्थितियों स्पष्ट हो जायेंगी।

# गेट नं 3 के दूषित जल से फसल नुकसान का मुआवजा मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पिछले 2 साल से नगरनार क्षेत्र के अनेक किसान स्टील प्लांट के गेट नं 3 से निकलने वाले दूषित जल से फसल को हो रहे नुकसान से परेशान है। लगातार निवेदन के बाद भी न मुआवता मिल रहा है और न ही खेत में पहुंच रहे गंदे पानी को रोकने की पहल हो रही है। संयंत्र के धुंये, बदबू, धूल से अलग परेशानी नगरनार के लोगों को हो रही है। कई बार प्रशासन और प्रबंधन से गुहार लगा चुके जनता अब शांत नही बैठेगी। आंदोलन की रूपरेखा तैयार हो रही है। नगरनार के सरपंच उमाकांतो बघेल ने सांसद, विधायक और कलेक्टर को दिए पत्र में यह बात कही है। उन्होंने कहा कि बारिश में जनता और किसानों को अधिक परेशानी होती है। 2 साल पहले जनप्रतिनिधियों के दखल से राजस्व विभाग ने सर्व करा कर एनएमडीसी से फसल की क्षतिपूर्ति का मुआवजा मिला था परंतु इस साल संयुक्त सर्व के बावजूद मुआवजा राशि प्राप्त नही हुआ है। उन्होंने कहा कि किसानों की उपजाउ जमीन खराब हो रही है जिससे किसान परेशान है। सरपंच ने जल्द से जल्द मुआवजा मिले और धुंआ, धुल, बदबू और गंदे पानी से राहत मिलें इस पर तुरंत कार्यवाही की मांग की है साथ ही आगे होने वाले उग्र आंदोलन के लिए प्रशासन और प्रबंधन के जिम्मेदार होने की चेतावनी दी है।

- नगरनार सरपंच ने सांसद, विधायक और कलेक्टर को पत्र देकर की गुहार

# शहीद एएसपी को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र में नौ जून को माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में कोंटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरीपुंजे शहीद हो गये शहीद आकाश राव को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु रक्षित केन्द्र बीजापुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

बस्तर के आईजी सुन्दरराज पी. ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इस कायरतापूर्ण माओवादी हमले की कड़ी निंदा की और कहा शहीद आकाश राव गिरीपुंजे की शहादत परिवार ही नहीं, पूरे पुलिस बल के लिए अपूरणीय और अत्यंत पीड़ादायक क्षति है। यह सर्वोच्च बलिदान बस्तर को माओवाद से मुक्त करने के हमारे संकल्प को और सुदृढ़ करेगा। अब माओवादी संगठन इतना कमजोर और निराश हो चुका है कि वह सीधी लड़ाई लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इसलिए वे कायरतापूर्ण तरीके से आईईडी, नागरिकों पर हमले और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे कृत्य कर रहे हैं। लेकिन ये साजिशें कभी भी हमारे बल का मनोबल नहीं तोड़ पाएंगी।" सभी अधिकारियों और जवानों से साहस और दृढ़ संकल्प बनाए रखने की अपील की।

शहीद स्व.आकाश राव और अन्य शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उनका विरासत हमारे प्रयासों को शांति, समृद्धि और विकास की दिशा में प्रेरित करता रहेगा।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आईजी सुंदरराज पी., पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक ऑप्स केरिपु- देवेन्द्र सिंह नेगी, कलेक्टर संबित मिश्रा, एसपी डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ त्रिलोक बसंल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत – बीजापुर, केरिपु एवं जिला बल के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं पत्रकार मौजुद रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा शहीद दिवस पर गौरवमयी समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

ग्राम पंचायत दरभा के गुंडाधुर पार्क में भगवान बिरसा मुंडा शहीद दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन समता साहित्य अकादमी रायपुर और शाखा बस्तर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। आयोजन में आदिवासी इतिहास, सामाजिक जागरूकता और सेवा भाव की त्रिवेणी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरूआत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात वक्ताओं ने जन-जागरूकता बढ़ाने और ऐतिहासिक विरासत को समझने हेतु विचार व्यक्त किए।

जिला पंचायत बस्तर के सेवकराम गंग्बेर ने युवाओं को नशापान से दूर रहने और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे प्रयास कैसे एक सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकते हैं। जगन्नाथ बघेल ने भूमकाल विद्रोह की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसमें आदिवासी समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह विद्रोह केवल अंग्रेजों के खिलाफ नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रतीक था। सुखदेव राम नाग ने आदिवासी समाज में पिछड़ेपन के कारणों की विस्तार से व्याख्या की, और शिक्षा व संगठन के माध्यम से समाधान की ओर बढ़ने की अपील की। आकाशवाणी केंद्र जगदलपुर के सेवानिवृत केंद्र निर्देशक बलवीर सिंह कच्छ ने भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य शहीदों की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत की, जिससे उपस्थित जनसमूह को प्रेरणा मिली। संजय किशोर दुर्गेश ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष और उनके क्रांतिकारी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे बिरसा मुंडा ने एक सशक्त आदिवासी नेतृत्व खड़ा किया। इस अवसर पर रंभा देवी जोशी, गोपाल पोयाम, सुकमन नाग, सखाराम बघेल, आकृति बाजपेई, बिटलू राम, मुन्ना राम नाग सहित स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

### समाज सेवा की मिसाल बना आज का दिन

कार्यक्रम के दौरान 68 आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को साड़ी, 25 पुरुषों को तौलिए, और 15 बच्चों को कॉपी और पेन वितरित किए गए। यह सेवा कार्य न केवल सामाजिक जिम्मेदारी का परिचायक था, बल्कि एक सशक्त समुदाय की कल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी रहा।

### नक्सल हमले में शहीद अफसर को खिलाड़ियों ने किया नमन



**जगदलपुर।** सुकमा ज़िले के डोंड्रा में पैदल गश्त के दौरान बारूदी सुरंग विस्फोट की चपेट में आकर शहीद हुए जांबाज पुलिस अधिकारी आकाश राव गिरपुंजे को आज शाम शहर के हाता मैदान में क्रिकेट खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## पेज 11 के शेष...

### भतीजा को घूमने...

लगा कि अब बच्चों को समझाना भी मुश्किल हो गया है। बच्चों से ऐसी हरकत की कतई आपेक्षा नहीं थी। बच्चों की इस तरह की हालत को देखते हुए मुझे मजबूरी में थाना आना पड़ा। प्राथी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भावेश सलाम, सागर मंडावी, शाहिद खान के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### धान बोने की...

कोरेटी एक राय होकर यह जमीन हमारा है। इस जमीन में धान बुवाई के लिए तुम लोग कौन होते हो मना करने वाले, यह जमीन हमारा कब्जाशुदा है, बोलते हुए जान से मारने की धमकी दिया और दोनों एक राय होकर हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट किया। मारपीट से मेरे हाथ, सीना, कमर मे चोट लगा है व दर्द हो रहा है। मेरी मां फुलबती की गला को दबाने से गला में चोट आया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी देवनाथ कोरेटी और बिकेश कोरेटी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### युक्तिकरण योजना से...

उन हजारों सपनों को बंद करना है जो गरीब माता-पिता अपने बच्चों के लिए देखते हैं। सरकार को युक्तिकरण के नाम पर शिक्षा के अधिकार का हनन नहीं करना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों के बंद होने से छात्रों को दूर-दराज के स्कूलों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, जिससे स्कूल ड्रॉपआउट की संख्या बढ़ने की आशंका है।

### कंहुचे रेलवे स्टेशन...

पहनाने का काम करते है या आदेश को दरकिनार कर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

**सर्व आदिवासी समाज सौंप चुका है ज्ञापनः** अंतागढ़ रेलवे स्टेशन ब्रिज के पास क्षतिग्रस्त सड़क की मराम्मत की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने कलेक्टर के नाम अंतागढ़ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था और एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए समस्या को समाधान करने की मांग किया था। तय समय पर कोई पहल नहीं होने से चक्काजाम,रेल रोको जैसे आंदोलन करने की ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया था।

### सिहारी में जल...

कार्यक्रम चलाया गया। सभी के द्वारा शपथ लेने के बाद तकनिकी सहायक पिनय नायक के द्वारा जल सरक्षण के विभिन्न उपायों को बताया। जागरूकता कार्यक्रम में सरपंच राम गावड़े, पंच शारदा कोमरे, फुलेशवरी नेताम, शामसिंह कोमरा, महेश कोमरा, देवदूत कोरेटी, जीतेन्द्र, सत्ते सिंग व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### डायलिसिस कक्ष में...

साथ ही थैलेसीमिया पीड़ति हिमांशु मरकाम (घोटवाही) के लिए नियमित रक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश प्रबंधन को दिए। राज्जो बाई कवाची (चिचकी, बड़गांव) से मुलाकात कर शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया।

### कलगांव के ग्रामीण...

रहा है। पानी की समस्या को देखते हुए समस्त ग्रामीण आपसे एसडीएम कार्यालय आकर ज्ञापन सौंपे है। ठेकेदार से तीन दिन के अंदर पाइप लाइन सुधार कर पानी सप्लाई सुचारू रूप से पानी चालू कराने की बात कही है। हमारी माँग पूर्ण नहीं होने पर कलगांव में नारायणपुर मेन रोड कोयलीबेडा मोड़ के पास चक्काजाम किया जाएगा।

# अनेक शिक्षकों को काउंसिलिंग पूर्व दावा आपत्ति का अवसर नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

काउंसलिंग से पूर्व दावा आपत्ति का अवसर अनेक शिक्षकों को नहीं दिया गया। यह संवैधानिक न्याय के विरुद्ध है। हाई कोर्ट ने भी काउंसलिंग से पूर्व दावा आपत्ति लेने की बात कही है। काउंसलिंग प्रक्रिया में शिक्षिकाओं को जगदलपुर ब्लॉक में पद नहीं है कह कर अन्य ब्लॉक दिखाया गया। यह बातें सर्व शैक्षिक संगठन के पदाधिकारी गजेन्द्र श्रीवास्तव, सतपाल शर्मा, आरडी तिवारी, जेआर कोसरिया, देवराज खुंटे, प्रवीण श्रीवास्तव, मनीष ठाकुर, भूपेश पानीग्राही ने लालबाग स्थित चित्रांश भवन में पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग में जिस ब्लॉक के शिक्षक है उसी ब्लाक के शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षक स्कूल दिखाएं जाना चाहिए था। उसके उपरांत अन्य ब्लॉक दिखाया जाना था जो आपत्ति जनक है। नियमानुसार दिव्यांग शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में नहीं लिया जाना था लेकिन लिया गया। काउंसलिंग पूर्व रिक्त पदों की शालाओं को सार्वजनिक किया जाना चाहिए था जिससे शिक्षक शिक्षिकाएं अपने लिए शालाओ की दुरी एवं आवागमन की जानकारी पहले से प्राप्त कर पाते जो नहीं किया गया। काउंसलिंग स्थल पर स्कूलों की सूची चस्पा की गई, जिसे कुछ घंटे बाद हटा लिया गया। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में विषय व्याख्याताओं की कमी को ध्यान में रखते हुए अतिथि शिक्षकों की पदस्थापना की गई।

- सर्व शैक्षिक संगठन के पदाधिकारिओं ने पत्रवार्ता में युक्तियुक्तकरण व्यवस्था की तृटियों को गिनाया




### अतिशेष सहायक शिक्षकों को दूरस्थ विकास खंड मे भेजा गया

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि जगदलपुर विकासखंड में अतिशेष सहायक शिक्षकों को दूरस्थ विकास खंड मे पदस्थ कर त्रुटिपूर्ण कार्य किया गया है। उन्हें उनके मौलिक अधिकारों से वंचित किया गया है। दो शिक्षिका का अतिशेष के लिए बनाई गई मेरिट सूची में उनका सरल क्रमांक 9 एवं 16 में था उसे विकासखंड तोकापाल एवं बस्तर दिया गया है जबकि 17 नंबर में अंकित शिक्षिका को जगदलपुर शहर में पोस्टिंग कर दिया गया है। यह स्थिति युक्तियुक्त करण की पूरी कार्यवाही में ही प्रश्न चिन्ह लगाता है।

### 2008 के सेटअप को छत्तीसगढ़ शासन ने निरस्त नहीं किया है

स्कूल शिक्षा विभाग में वर्ष 2008 में राज्य शासन के द्वारा प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के लिए बनाया गया सेटअप के आधार पर शिक्षकों की पदस्थापना हुई, लेकिन नवीन सेटअप बनाकर शिक्षकों को अतिशेष बनाया जा रहा है। वर्ष 2008 के सेटअप आज भी मान्य है छत्तीसगढ़ शासन ने इसे निरस्त नहीं किया है। इस प्रकार आज की स्थिति में किया जा रहा युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई त्रुटिपूर्ण है यह निरस्त किए जाने योग्य है।

### रिक्तता की पूरी सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों का अतिशेष निकालने व संस्थाओं के चयन में त्रुटि पूर्ण जानकारी देने के लिए मानसिंह भारद्वाज खंड शिक्षा अधिकारी को निलंबित किया गया है। इसमें यदि वे दोषी है तो इसके लिए गठित समिति में सदस्य व अध्यक्ष का पद निर्वहन कर रहे सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी दोषी माना जाकर उनके विरुद्ध कार्यवाही किया जाना चाहिए। अतिशेष के लिए प्रस्तुत जानकारी यदि दोषपूर्ण रहा तो यह पूरी प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लगाता है यह भी निरस्त किए जाने योग्य है। काउंसलिंग के दौरान शालाओं की रिक्ततता की पूरी सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया।

### शैक्षिक संगठन की नहीं ली बैठक

वर्ष 2022-23 में सहायक शिक्षकों की नवीन भर्ती संचालक लोक शिक्षण संचनालय के द्वारा की गई जो जिला शिक्षा अधिकारी के अधिकार में था, राज्य कार्यालय से दोषपूर्ण पदस्थापना और जबरिया जॉइनिंग करने का दबाव डालने के कारण भी शिक्षकों के अतिशेष की स्थिति निर्मित हुई है। इसके लिए दोषी अधिकारी अथवा कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जाना चाहिए। बस्तर जिले में 211 शिक्षक जो मिडिल स्कूल में पदस्थ हैं जिला पंचायत द्वारा सहायक शिक्षक में डिमोशन किया गया है। जिसका शिक्षा विभाग द्वारा संविधान 1 जुलाई 2018 में किया गया इनका कोर्ट प्रकरण आज तक चल रहा है। इसलिए इन्हें युक्ति युक्त कारण से मुक्त रखा जाना था। शैक्षिक संगठनों को बिना विश्वास में लिए काउंसलिंग करवाई गई है जबकि एक बार शैक्षिक संगठन के साथ बैठक की जानी चाहिए थी।

## खबर संक्षेप

### खाद्य प्रतिष्ठानों में सफाई व गुणवत्ता की जांच, 28 हजार का जुर्माना



बीजापुर। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार बीजापुर शहर के खाद्य प्रतिष्ठानों में गुणवत्ता की जांच एवं सफाई के निरीक्षण के लिए एसडीएम, तहसीलदार, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सीएमओ नगर पालिका की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम के द्वारा शहर के मिठाई दुकानों, होटल, ढाबा, मटन चिकन शॉप, थोक सब्जी दुकानों में साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। होटलों में प्रायः देखा जाता है कि एक ही तेल में खाद्य सामग्री कई बार तला जाता है, जिसके कारण उसमें कैंसर पैदा करने वाले तत्व पैदा होते हैं, इसकी जांच के लिए होटल में तलने के लिए प्रयोग किया हुआ तेल का सैम्पल लिया गया। ढाबों में साफ सफाई में कमी पाए जाने पर एवं वेज, नॉनवेज खाद्य पदार्थों को एक साथ एक ही फ्रिज में रखें हुए पाए जाने पर गणपत्ति स्वीट्स से 1000, जायसवाल होटल से 1000, रघु जायसवाल होटल से 500, फर्माइश ढाबा से 5000, बिट्टु ढाबा से 5000, कन्हैया स्वीट्स से 5000, दंतेश्वरी ढाबा से 10 हजार, सब्जी मार्केट से 500 सहित कुल 28 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं थोक सब्जी दुकानों तथा मटन एवं चिकन शॉप में साफ सफाई के लिए टीम द्वारा निर्देशित किया गया। जिन व्यापरियों ने खाद्य लाइसेन्स नहीं बनवाया है वह तत्काल लाइसेन्स बनवा लें।

### छात्रों की स्थिति पर हुई विस्तृत चर्चा



**गीदम।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित गीदम ब्लॉक के समस्त आश्रम छात्रावासों की बैठक मंगलवार को गीदम जनपद पंचायत के स्वराज भवन में आयोजित हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में छात्रों की स्थिति, रखरखाव और स्वच्छता, शिक्षा गुणवत्ता, भोजन की गुणवत्ता और छात्रों के साथ संवाद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत गीदम के उपाध्यक्ष और शिक्षण समिति के सभापति दिनेश कुमार कौशल ने की। इस बैठक में शिक्षा समिति के सदस्य पवन कर्मा, जिला राम और भूमि वेट्टी भी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों का उद्देश्य छात्रों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करना है। बैठक के दौरान शिक्षा समिति सभापति ने छात्रावासों के रखरखाव और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया और इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा, जिसमें भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच शामिल है। बैठक में लिए गए निर्णयों से छात्रों को बेहतर सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने छात्रों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### घटनास्थल पहुंच आईजी ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश, दी श्रद्धांजलि

# आमने-सामने की लड़ाई में नुकसान पहुंचाने की स्थिति में नहीं माओवादी



#### नगर वासियों ने दी श्रद्धांजलि

सोमवार को हुए इस घटना के विरोध में कोंटा नगर शाम तक बंद रहा। वहीं वीरगति को प्राप्त हुए आकाश राव को देख एसपी सहित पूरा थाना परिवार के आंखों में आंसु बहते रहे। नगर वासियों ने भी नम आंखों से शहीद आकाश राव को श्रद्धांजलि देने नगर के मुख्य अटल चौक पर इकट्ठे हुए और मोमबत्ती जलाकर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पी विजय नायडू, कांग्रेस नेता सत्तार अली सहित नगर के गणमान्य नागरिक भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं भाजपा युवा मोर्चा एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने शहीद आकाश राव गिरपूंजे अमर रहे, नक्सलवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

सुकमा जिला के कोंटा ब्लॉक मुख्यालय के समीप आईईडी की चपेट में आने से छग पुलिस के एएसपी की शहादत से राजधानी सहित पूरा पुलिस महकमे में शोक की लहर है। घटना का जायजा लेने आज आईजी सुंदरराज पी. कोंटा पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए थाना परिसर में शहीद आकाश राव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आईजी ने कहा आकाश बीते डेढ़ वर्षो से कोंटा क्षेत्र की शांति सुरक्षा विकास के लिए पूर्ण समर्पण के साथ सेवा दे रहे थे। नक्सलियों की कायराना करतूत के चलते वे आईईडी की चपेट में आ गए, काफी प्रयास के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका। आकाश राव की शहादत परिवार के लिए बड़ी क्षति है, संपूर्ण छग बस्तर एवं सुकमा कोंटा पुलिस के लिए कभी पूरा नहीं कर पाने वाली क्षति है। माओवादियों के इस कायराना हरकत से हमारा मनोबल टूटेगा नहीं, हमारा जो संकल्प है, उसमें किसी प्रकार की रूकावट नहीं होगी। उल्टा शहीद आकाश राव एवं अन्य जितने भी वीर जवान क्षेत्र की सुरक्षा, शांति व विकास के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिए, साथ-साथ अनेक जनप्रतिनिधि क्षेत्र की जनता नक्सली हिंसा के शिकार हुए, उन बलिदानों से प्रेरणा लेकर बहुत जल्द नक्सल समस्या का समाधान करने के लिए हमारे टीम के प्रत्येक सदस्य समर्पण के साथ पूरा संकल्प के साथ कार्य करेंगे। वैसे भी नक्सल संगठन का अंत निश्चित एवं निकट नजर आ रहा है। जिस तरीके से उनको झटका लगा है। उनके सेंटर कमेटी मेंबर से लेकर जनरल सेकेट्री अनेक पीएलजीए मुठभेड़ों में उनके डेड बॉडीज रिकवर किए गए। अनेक आत्मसमर्पण भी कर रहे है, कई गिरफ्तार भी हुए। इस प्रकार माओवादी संगठन काफी हद तक सिमटता जा रहा है। अभी की स्थिति में आमने-सामने की लड़ाई में सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने की स्थिति में नहीं है माओवादी। उन्होंने कहा सुर्खियों में बने रहने की कायराना हरकत, प्रयास साजिश से हमारे संकल्प में रूकावट नहीं होगी और बेहतर ढंग से भारत सरकार छग सरकार के स्पष्ट इरादे से क्षेत्र के जनता की मांग के अनुरूप नक्सल मुक्त बस्तर नक्सल मुक्त भारत के लिए आगे कदम रखेंगे।

## गढ़मिरी में उद्यानिकी विभाग ने जिले का पहला ऑयल पाम का पौधा लगाया

**बार-बार फसल कटाई बोवाई से मिलेगा छुटकारा**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

जिले के कुआकोंडा ब्लाक के गढ़मिरी ग्राम पंचायत में उद्यानिकी विभाग द्वारा भारत सरकार की किसानों के लिये चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना ऑयल पाम के तहत गढ़मिरी गांव के किसान मदन मरकाम के खेत मे जिले का पहला ऑयल पाम के पौधों का रोपण किया गया। गढ़मिरी ग्राम के 41 किसानों को इस योजना से लाभान्वित करते हुये 60 हेक्टेयर में पौधा रोपे जायेगे। जिससे किसानों को बहुत अधिक लाभ होगा।

दरअसल पाम ऑयल की फसल लगाने के चौथे वर्ष उत्पादन के लिए तैयार हो जाती है जिससे किसान लगातार 25 से30 वर्ष तक प्रति एकड़ 10 से 12 टन उत्पादन का लाभ ले सकता है। इस फ़सल उत्पादन में न्यूनतम मजदूर लगते हैं।

इस पर कीट से नुकसान भी बहुत कम होता है। खाद्य तेल से आत्मनिर्भर बनाने के लिये यह योजनाशुरू कि गई है। गढ़मिरी गांव में पाम ऑयल की फसल शुभारंभ के लिये जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, कुआकोंडा जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, जनपद सदस्या मनीषा कोर्राम, सरपंच पवन कोर्राम और उद्यानिकी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# कृषक अंशदान की राशि का विभाग ने किया बंदरबाट

## नलकूप खनन व प्रतिस्थापन कार्य में गड़बड़झाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कृषि विभाग में कृषक अंशदान में गड़बड़ी सामने आ रही है। नलकूप खनन व पम्प प्रतिस्थापन कार्य के लिए बोरवेल ठेकेदारों को 90 फीसदी राशि दी गई, शेष 10 फीसदी में विभाग ने बड़ा खेल किया, जिसमें विभागीय अधिकारी की भूमिका अहम मानी जा रही है।

दरअसल वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि विभाग ने डीएमएफ मद अन्तर्गत कुल 644 युनिट नलकूप खनन और पम्प प्रतिस्थापन का कार्य करवाया। एक युनिट खनन एवं पम्प प्रतिस्थापन कार्य के लिए ठेकेदारों को 2 लाख 60 हजार रूपए का भुगतान किया जाना था, जिसमें किसान से प्रति युनिट दस फीसदी अंशदान शामिल है। लेकिन विभाग ने प्रति युनिट देयक 2 लाख 60 हजार के विरूद्ध 2 लाख 34 हजार प्रति युनिट की दर से आरटीजीएस के माध्यम से संबंधित बोरवेल खनन कर्ताओं को किया। मिली जानकारी के मुताबिक 10 फीसदी की राशि 26 हजार रूपए प्रति युनिट किसानों के अशंदान को डकार ली। कुल 644 युनिट नलकूप खनन की 1 करोड़ 67 लाख 44 हजार का बंदरबाट किए जाने की बात कही जा रही है।

- मामला डीएमएफ मद का, 1 करोड़ 67 लाख रूपए जमा नहीं किया खाते में

#### शासन को राजस्व का नुकसान

कृषि विभाग ने नलकूप खनन कार्य में जो खेल किया है, उससे सीधे शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचाया। यदि विभाग उक्त कार्य के विरूद्ध प्रति युनिट 2 लाख 60 हजार की राशि का भुगतान किया होता तब जीएसटी, इनकम टैक्स व टीडीएस इस राशि के अनुसार काटा गया होता और शासन को राजस्व का लाभ मिलता, लेकिन कृषक अंशदान प्रति युनिट 26 हजार रूपए की दर से 644 युनिट के लिए 1 करोड़ 67 लाख 44 हजार का नुकसान पहुंचाया।



#### टीडीएस और जीएसटी का भुगतान देयक में नहीं

जिन बोरवेल खनन ठेकेदारों ने कार्य किया उन्हें प्रति युनिट की दर से 2 लाख 34 हजार का भुगतान विभाग ने किया, जिसका बोरवेल खनन ठेकेदारों ने टीडीएस और जीएसटी की राशि जमा की। शेष 26 हजार रूपए अंशदान का खनन कर्ताओं ने टीडीएस और जीएसटी जमा नहीं किया।

#### इन फर्मों से कराया गया खनन कार्य

कृषि विभाग ने वर्ष 2023-24 में डीएमएफ मद से जिले में कुल 644 युनिट नलकूप खनन व प्रति स्थापन का कार्य करवाया। जिन फर्मों से कार्य हुआ उनमें महावीर बोरवेल रायपुर, सोहन गुप्ता अम्बिकापुर, दंतेश्वरी ड्रीलिंग कंपनी जगदलपुर, अन्नपूर्णा इन्टरप्राइजेस रायपुर, जैनम कन्स्ट्रक्शन गीदम तथा मेसर्स प्रदीप देशमुख बोरवेल जगदलपुर शामिल है।

#### जमा करने का कोई प्रावधान नहीं है

कृषि विभाग में किसी भी योजना में कृषक अंशदान राशि को विभाग में जमा करने का कोई प्रावधान नहीं है। सफल नलकूप खनन और पम्प प्रतिस्थापन होने पर संतुष्टि होने के पश्चात 90 प्रतिशत राशि का भुगतान विभाग द्वारा किया जाता है एवं 10 प्रतिशत किसान अंश कृषक द्वारा सीधे या संबंधित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा संबंधित ठेकेदार को प्रदाय कर दिया जाता है।

-सूरज पंसारे,
उपसंचालक, कृषि विभाग दंतेवाड़ा

## मानसून जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मंगलवार को सुशासन तिहार में प्राप्त अवेदनों के निराकरण, नियद नेल्ला नार सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की।

बैठक में योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और समय-सीमा में आवेदनों के निराकरण पर जोर दिया। कलेक्टर ध्रुव ने निर्देश दिए कि सुशासन तिहार में प्राप्त सभी आवेदनों की विभागवार समीक्षा कर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों को भी तत्काल प्रभाव से क्रियान्वित करने को कहा गया। कलेक्टर ने शिक्षक एवं बच्चों के मध्य बेहतर समनव्य स्थापित करने के लिए स्थानीय भाषा सीखने पर बल देते हुए शिक्षकों के चिन्हांकन के निर्देश दिए। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में नियमितता बनाए रखने के लिए सीएमएचओ को डॉक्टरों की छुट्टी देने से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक मेडिसिन की उपलब्धता और स्टॉफ की ड्यूटी तय करने के निर्देश दिए गए। जिले में आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए नगरीय निकायों और पंचायतों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस संबंध में रेडियम बेल्ट, काऊ कैचर के उपयोग, समझाइश देने और जुर्माना लगाने जैसे उपायों पर जोर दिया गया। कलेक्टर ध्रुव ने मानसून पूर्व तैयारियों एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम की दिशा में कार्य करने को कहा। दोरनापाल सीएमओ को मानसून पूर्व तैयारियों एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम में कोताही बरतने पर शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने नियद नेल्ला नार योजना के अंतर्गत आने वाले 128 गांवों में शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने पर के दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। नियद नेल्ला नार क्षेत्रों में चिन्हांकित ग्रामों में शासन की योजनाओं एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर, योजनाओं को पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने की दिशा में विभागों को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए।

## नक्सलियों की कायराना हरकत में शहीद हुए एडिशनल एसपी आकाश, विधायक ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा

सुकमा जिले में पदस्थ एडिशनल एसपी आकाश राव नक्सलियों की एक कायराना हरकत का शिकार हो गए। क्षेत्र में गश्त के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में आकाश राव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए लाया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस हृदयविदारक घटना में उनकी शहादत ने पूरे पुलिस प्रशासन और राज्य को गहरे शोक में डुबो दिया है। आकाश राव नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पूरी निष्ठा और बहादुरी के साथ अपनी सेवा दे रहे थे। उनकी शहादत न केवल सुकमा पुलिस के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस घटना पर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए नक्सलियों की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि शहीद आकाश राव



जैसे जांबाज अधिकारी की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी और सरकार व सुरक्षाबल मिलकर इस तरह की हिंसक गतिविधियों का माकूल जवाब देंगे। बघेल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। राज्य में लगातार हो रही ऐसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि नक्सली अब बौखलाहट में इस प्रकार की निंदनीय घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस बीच सुरक्षा बलों की सक्रियता और सतर्कता और भी ज्यादा बढ़ाई जा रही है। पुलिस विभाग और राज्य सरकार शहीद आकाश राव की कुर्बानी को ससम्मान याद रखेगी।

## दो परिवारों को 8 लाख की सहायता राशि हुई स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। तहसील करपावण्ड ग्राम संधकरमरी निवासी सुखदास की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि मंगतीन कश्यप को और तहसील लोहण्डीगुड़ा ग्राम कांटाबास करेकोट निवासी बिटाल की मृत्यु पानी में डूबने से पति जारा को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में सीधे अंतरित किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

जिलों में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
जगदलपुर शहर 5 पद
कोण्डागांव शहर 5 पद
केशकाल शहर 2 पद
कांकेर शहर 3 पद
योग्यता 12 से स्नातक
वेतन 10000/-
हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो जगदलपुर शहर, कोण्डागांव शहर, केशकाल शहर, कांकेर शहर क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें। जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 9098324969
जगदलपुर - 9098324969
कोण्डागांव - 9098324969
केशकाल - 9098324969
कांकेर - 7000955574
हरिभूमि कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

**खबर संक्षेप**

### कांकेर एवं नरहरपुर में प्रवेश के लिए होगी परीक्षा

**कांकेर।** शासकीय आदिवासी कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश परीक्षा विकासखण्ड स्तर पर 19 एवं 20 जून को तथा जिला एवं राज्य स्तर के लिए 25 एवं 26 जून को सुबह 11 बजे से कन्या क्रीड़ा परिसर छात्रावास के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर के लिए प्रवेश परीक्षा विकासखण्ड स्तर पर 20 एवं 21 जून तथा जिला एवं राज्य स्तर हेतु 24 एवं 25 जून को सुबह 10 बजे से बालक क्रीड़ा परिसर छात्रावास के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा।

### तकनीकी शिक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम जैसे डिप्लोमा इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, कास्ट्यूम डिजाइन एवं ड्रेस मेकिंग, इंटीरियर, डेकोरेशन, माडर्न ऑफिस, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट एवं केटरिंग टेक्नालॉजी तथा डिप्लोमा इंजीनियरिंग लेटरल में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रवेश प्रक्रिया 11 से 15 जून तक पंजीयन, मेरिट सूची जारी 17 जून, दावा आपत्ति 18 जून, आबंटन एवं रिजल्ट 20 जून तथा प्रवेश प्रक्रिया 21 से 24 जून तक किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 26 से 29 जून तक पंजीयन, 01 जुलाई को मेरिट सूची, दावा-आपत्ति 02 जुलाई, आबंटन 04 जुलाई तथा प्रवेश 05 से 08 जुलाई एवं तृतीय चरण में 10 से 13 जुलाई को पंजीयन, 15 जुलाई को मेरिट सूची जारी, दावा-आपत्ति 16 जुलाई, आबंटन एवं रिजल्ट 18 जुलाई और 19 से 22 जुलाई तक प्रवेश का मौका मिलेगा।

### 4 हेक्टर वनभूमि पर की गई मेढ़बंदी को पोकलेन से तोड़ा

**जगदलपुर।** वनभूमि का अतिक्रमण होने से वन मंत्री केदार कश्यप के तीखे तेवर से वन विभाग ने दरभा, बकावंड एवं माचकोट में अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया। बताया जा रहा है कि साल वनों के द्वीप कहे जाने वाले बस्तर संभाग में घटते वनों से हो रहे जलवायु में नकारात्मक परिवर्तन से लगातार बढ़ रहे वैश्विक तापमान, बेमौसम बारिश, वायु प्रदुषण से चिंतित होकर वन मंत्री केदार कश्यप ने वन विभाग के अधिकारियों को अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करने संबंधी निर्देश दिए हैं। इसके चलते अतिक्रमणकारी सोमारी बाई पर कार्रवाई करते हुए लगभग 4.000 हेक्टर वन भूमि पर किए गए मेढ़बंदी को बुल्डोजर के माध्यम से तोड़ा गया।

निरीक्षण स्वास्थ्य मंत्री ने सभी निर्माण कार्यों को दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने दिए निर्देश

# स्वास्थ्य मंत्री ने निर्माणाधीन शासकीय चिकित्सा कालेज तेलगरा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर





प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल 10 जून मंगलवार को तेलगरा स्थित निर्माणाधीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण किया। निर्माण एजेंसी और अधिकारियों से कहा कि मेडिकल कालेज के सभी निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा हो जाना चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा विभिन्न भवनों व सुविधाओं का स्थल पर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग, प्रशासनिक भवन, लेक्चर हॉल, लाइब्रेरी, इंडोर स्पोर्ट्स फैसिलिटी, बॉयज व गर्ल्स हॉस्टल, मेल एवं फीमेल के इंटर्न आवास, सेंट्रल डाइनिंग व किचन, गेस्ट हाउस, शॉपिंग आर्केड, डायरेक्टर व सुपरिंटेंडेंट रेसिडेंस, टाइप डीई और एफ क्वार्टर, खेल मैदान, सबस्टेशन, पंप रूम और एसटीपी का अवलोकन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने परिसर में कार्यरत श्रमिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।



उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए परिसर में सुनियोजित वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिसर में छायादार वृक्षारोपण के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर को आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 दिसंबर 2026 तक सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिए जाएं। इस दौरान निर्माण एजेंसी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज 35 एकड़ में फैला हुआ है तथा आगे भविष्य में 45 एकड़ में अस्पताल का निर्माण होगा, जिसमें कॉलेज में सभी ईयर के कुल 500 बच्चे पढ़ाई कर पाएंगे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव अमित कुमार कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा शिखा राजपूत तिवारी, सांसद भोजराज नाग, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, भाजपा नेताओं में महेश जैन, आलोक ठाकुर, दिलीप जायसवाल, अरूण कौशिक, राजा देवनानी, राजा पाण्डेय के अलावा चारामा और कांकेर के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कब्रिस्तान के लिए जमीन व धर्म के नाम पर हो रही हिंसा को रोकने की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



ईसाई समाज द्वारा विभिन्न माँगो को लेकर शहर में रैली निकालते हुए जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। रैली में शामिल लोग नारेबाजी करते हुए नजर आए। रैली में जिले भर के ईसाई समाज के सभी संगठन के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह रैली देश भर में आयोजित की गई है। इनकी माँग है कि ईसाई समुदाय के कब्रिस्तान के लिए जमीन और धर्म के नाम पर हो रही हिंसा के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई। रैली के लिए समाज के लोग टिकरापारा मेलाभाटा में जमा हुए, जहां सभा में समाज के पदाधिकारियों ने समाज के लोगों को जागरूक किया। सभा के उपरांत राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के बेनर तले सभी संगठन के लोगों ने मेला भाटा से रैली निकाली। रैली शहर में भ्रमण करते हुए कलेक्टर मार्ग पहुंची, जहां तैनात पुलिसकर्मियों ने रैली को बेरिकेड्स के पास ही रोक दिया। प्रदर्शन कर रहे समाज के लोगों ने ईसाई समाज पर अत्याचार बंद करो के नारे लगाने लगे। मौके पर आए जिला प्रशासन के अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे समाज के लोगों को शांत कराया। समाज के पदाधिकारी ने अपनी मांग को लेकर अपर कलेक्टर कांकेर को ज्ञापन सौंपा है। समाज के पदाधिकारी साइमन डांटी, डॉक्टर प्रदीप कलाडियस, मोहन ग्वाल ने कहा कि लगातार इसाई समुदाय के लोगों के साथ मारपीट की जा रही है। हमारे मौलिक अधिकारों का हनन कुछ उग्रवादियों द्वारा किया जा रहा है। ईसाई समुदाय के लोगों को दफन करने के लिए जमीन तक नसीब नहीं हो रही है। कांकेर जिले में 50 से भी ज्यादा ऐसी कई घटनाएं हो चुकी है जिसमें उग्रवादियों द्वारा ईसाई समुदाय द्वारा दफन किए गए लाश को निकला गया है।

उन्हें कही भी दफनाने के लिए किसी तरह की जमीन नहीं दिया जा रही है। इसके खिलाफ प्रशासन भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई ईसाई समुदाय के पक्ष में नहीं कर रही है। इसलिए मजबूरन ही ईसाई समुदाय के लोगों को आज सड़क की लड़ाई लड़नी पड़ रही है। इसके बाद भी प्रशासन ईसाई समुदाय के मांगों की ओर ध्यान नहीं देती है तो आगे आंदोलन किया जाएगा।

## अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर कराएं कार्यक्रमः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली की नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग डिमाण्ड रिडक्शन अंतर्गत नशामुक्त भारत अभियान का संचालन समस्त जिलों में किया जा रहा है, इसी के तहत कांकेर में 26 जून को कार्यक्रम आयोजित होगा।



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले में 26 जून को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर नशामुक्त भारत अभियान के बैनर के साथ जनसामान्य की सहभागिता से रैली का आयोजन किया जाए। साथ ही महाविद्यालय, विद्यालयों में नशामुक्त पर केन्द्रित चित्रकला, भाषण, गीत, नृत्य, नाटक, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन करने कहा गया है। अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक विभिन्न माध्यमों से नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार-प्रसार, निवारक, शिक्षा तथा नशामुक्ति पर केन्द्रित सेमीनार, गोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन करने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं। इसके अलावा मैराथन या ड्रग्स के खिलाफ दौड़, ड्रगमुक्त खेल टूर्नामेंट जैसे, वॉलीबॉल, फुटबॉल योग और फिटनेस कैंप, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता, नशा विरोधी संदेशों के लिए भित्तिचित्र दीवार, नुक्कड़ नाटक, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यशालाएं के साथ सभी सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और हॉट स्पॉट क्षेत्रों में प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। नशा तथा एड्स प्रभावी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार के साथ आयोजन स्थल से ही एनएमबीए मोबाइल एप पर आयोजित कार्यक्रमों का फोटोग्राफ्स, वीडियोग्राफ्स समाज कल्याण विभाग कांकेर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## प्रधानमंत्री आवासः स्लैब स्तर के आवासों की कार्ययोजना बनाकर बारिश से पहले करें पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

प्रभारी कलेक्टर प्रतीक जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति के लिए कार्ययोजना बनाकर स्लैब स्तर के मकानों को बारिश से पहले पूर्ण करवाएं। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में आगामी 2 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की तैयारियों के संबंध में चर्चा किया गया। साथ ही शासन द्वारा जारी स्थानातंरण नीति के संबंध भी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में बाढ़-आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक कर विभिन्न विभागों को दायित्व दिया गया और ब्लॉक स्तरीय समिति की जल्द बैठक करने के निर्देश दिए। सीईओ ने नियद नेल्लानार योजना के तहत ग्राम के सभी घरों का विद्युतीकरण करवाने, उज्ज्वला योजना की एंट्री पात्र-अलाभान्वित की जानकारी को अद्यतन रखने तथा हर घर नल जल योजना के जानकारी को अपडेट करवाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में विभागीय योजनाओं के समीक्षा के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के कार्य, स्व-सहायता समुहों के दीदियों को आर्थिक सहायता देने के लिए जनपद स्तर पर कार्रवाई की समीक्षा की गई। मनरेगा के तहत विकास कार्यों, जिला खनिज न्यास निधि के अपूर्ण कार्यों सहित मुख्यमंत्री अद्योसंरचना संरचना एवं उन्नयन प्राधिकरण योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, अद्योसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत के कार्यो की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लिए किसानों का पंजीयन शत-प्रतिशत करने पर जोर दिया।

# रात को घूमने की बात को लेकर ग्रामीण और युवक-युवती के बीच जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



■ दोनों पक्षों पर काउंटर केस दर्ज

पखांजुर थानांतर्गत ग्राम पीव्ही 9 सत्यानंदपुर में रात को युवक-युवती एक साथ घूम रहे। उसी बात को लेकर कुछ ग्रामीण और युवक-युवती के बीच झड़प हो गई। दोनों पक्ष ने थाना में शिकयत करते हुए पुलिस का बताया कि मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया गया है। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 9 सत्यानंदपुर निवासी 54 वर्षीय कृष्णा हालदार पिता स्व. किरण हालदार ने पुलिस को बताया कि 9 जून की शाम को वह और पड़ोसी बासु मिस्त्री के साथ खेत गए थे। बासु मिस्त्री के खेत तरफ कोई अनजान व्यक्ति दिखने पर मेरा भतीजा अजय विश्वास को टार्च लेकर खेत में बुलाया। 9 जून की शाम करीबन साढ़े 7 बजे अजय विश्वास टार्च लेकर आया तो मैं बासु मिस्त्री और अजय विश्वास के साथ टार्च जलाकर देखे, बासु मिस्त्री के खेत जाने वाली कच्ची रास्ता में हमारे गांव की लड़की बुल्टी सिकदार और उसके साथ दो लड़के थे। तो हम लोग लड़के के बारे में पूछा, उसने अपना नाम सुबल विश्वास और सुरज कुमार साहू ग्राम हालेवारा महाराष्ट्र में प्रायवेट जाब करना बताया और ग्राम पीव्ही 9 के खितिश सिकदार के दमाद है, उसके घर मेहमान आए होने कि जानकारी दिया। हम लोग पूछे कि बुल्टी सिकदार के साथ रात में खेत तरफ कहां घुम रहे हो। सुबल विश्वास और सुरज कुमार बोलने लगे हम कहीं भी घूमे, तुम लोग बोलने वाले कौन होते हो होते हो कहते हुए गाली देने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे और सूरज कुमार साहू ने पास में पड़े पत्थर को उठाकर अजय विश्वास के माथा में मारा, जिससे अजय विश्वास के माथा से खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुबल विश्वास और सुरज कुमार साहू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

दूसरे पक्ष से महाराष्ट्र जिला गढ़चिरौली के मुलचेरा थानांतर्गत ग्राम मथुरानगर निवासी 32 वर्षीरू सुबल विश्वास पिता स्व. सुशांत विश्वास ने पुलिस को बताया कि ग्राम हालेवारा में प्रायवेट जॉब करता हूं। ग्राम पीव्ही 39 पखांजुर में मेरा बड़ा साला मिथुन सिकदार रहता है। उसके यहां पत्नी, बेटी व दोस्त सूरज कुमार साहू के साथ 9 जून को मेहमान आया था। शाम को दोस्त सूरज कुमार साहू के साथ मेरा ससुराल ग्राम पीव्ही 9 नानी सास का तबियत खराब होने से उसको देखने के लिए गया था। ससुराल में कुछ देर रहने के बाद साली बुल्टी सिकदार व दोस्त सुरज के साथ गांव तरफ घुमने जा रहे थे।

रात करीबन 8 बजें रास्ते में पीव्ही 9 निवासी अजय विश्वास और बासु मिस्त्री मिले और हम लोगो से पूछताछ करने लगे। हमारे गावं की लड़की के साथ अंधेरे में घूम रहे हो बोलने लगे। हम लोगो ने जवाब दिया कि गांव तरफ घूमने जा रहे है। इतने में अजय विश्वास और बासु मिस्त्री गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट से मेरे गर्दन एवं मेरे दोस्त सुरज साहू के सिर, कंधा और बांए पैर में चोट आने खून निकला एवं मेरी साली बुल्टी सिकदार के नाक, मुंह में मारने से चोट आया व खून निकलने लगा। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अजय विश्वास और बासु मिस्त्री के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## नाबालिग से अनाचार, दो अपचारी सहित तीन पकड़े गए

**बासनवाही।** तीन युवकों ने नाबालिग को जबरजस्ती मोटर सायकल में उठाकर ले जाने के बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर बलात्कार किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोचा। आरोपियों में दो नाबालिग है और एक बालिग है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोचकर नियमानुसार कार्रवाई किया है। जानकारी के अनुसार दुधावा चौकी में पीड़िता ने 9 जून सोमवार को शिकायत किया कि मेरे को 8 जून की रात को तीन लड़कों ने जबरदस्ती मोटर साइकिल में बैठाकर ग्राम आमगांव की ओर ले गए। तीनों लड़कों ने नाबालिक बालिका को घर से उठाकर ले गए और डरा धमकाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया एवं एक लड़के ने बलात्कार किया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 137(2), 115(2), 351(2), 64, 65(1) 3(5) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट में अपराध दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला, अति पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के दिशानिर्देश पर दुधावा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपियों को पकड़ा गया, जिसमें ग्राम साल्हेभाट के 16 वर्ष के 02 विधिसंघर्षरत बालक को निरुद्ध कर बाल सम्प्रेषण गृह जगदलपुर दाखिल किया गया एवं एक आरोपी अमनदास निवासी साल्हेभाट को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में चौकी दुधावा के चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र वर्मा, सहायक उप निरीक्षक छत्रपाल साहू, प्रधान आर गौतम बिसेन, आरक्षक डोमेश नागेश , संतोष ध्रुव महिला आरक्षक बालेश्वरी का विशेष योगदान रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### 21 परीक्षा केन्द्रों में 15 जून को होगी व्यापम की परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 जून को सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक 21 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज, सक्सेस कॉनवेंट हायर सेकण्डरी स्कूल , शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल , शासकीय कन्या हायर सेकण्डी स्कूल, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल संजय मार्केट रोड, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल रेल्वे कॉलोनी , केन्द्र धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल भगत सिंह, बाल विहार हायर सेकण्डरी स्कूल, निर्मल हायर सेकण्डरी स्कूल , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आसना, वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली, विद्या ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल, विद्यापती एकेडमी बहादुरगुड़ा , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पोटानार, क्राईस्ट कॉलेज, शासकीय हाई स्कूल पनारापारा और शहीद गुण्डाधूर कॉलेज कृषि एवं अनुसंधान केंद्र कुम्हरावण्ड पर उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## सभी को पक्का मकान मिले, यह सपना साकार कर रही सरकारः देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



दरभा ब्लॉक के ग्राम मावलीपदर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो नये मकान एवं 101 प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों का विधिवत गृह प्रवेश एवं भूमिपूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया। आवास मालिक भगतराम एवं चितरी को स्वंय के नये आवास की शुभकामनाएं देते हुए विधायक ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है सभी का पक्का मकान हो । जनता का स्वयं का पक्का मकान बने । इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ किया गया है। जिसमें हमारे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिलें। किरण देव का ग्रामवासियों ने पारंपरिक रूप से स्वागत एवं अभिनंदन किया। विधायक ने सभी हितग्राहियों का फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित सभी ग्रामीण हितग्राहियों से भेंट की, उनसे बातचीत कर उन्हें सम्मानित करते शुभकामनाएं एवं बधाई दिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है सभी के पास हो पक्का मकान इसी तारतम्य में आज जगदलपुर विधानसभा के दरभा ब्लॉक के मावलीपदर ग्राम में 101 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। यह एक ऐतिहासिक पल है कि एक पंचायत में एक साथ 101 पात्र हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई है । इस दौरान विद्यासरण तिवारी, मनोहर तिवारी,जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवीप्रसाद बेंजाम, संतोष बघेल,गागराराम नाग, फूलसिंह सेठिया, सरपंच लिबरू राम, धर्मेंद्र ठाकुर,पीलूराम,मंगलराम, रामसिंह, महादेव, सीईओ वीरेन्द्र बहादुर एवं काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।

# बोर्ड परीक्षा टॉपर और मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

■ संभाग स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह



शासकीय अधिकारी कर्मचारी मानिकपुरी पनका पनिका समाज प्रकोष्ठ संभाग बस्तर के तत्वाधान में कांकेर के बाबा रामदेव मंदिर भवन में प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश में कक्षा दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा में टॉपर बच्चों सहित लगभग तीस से अधिक मेधावी बच्चों के साथ समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व अन्य समाज के सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को भी सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, युवाओं, सामाजिक बंधुओं को हर उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि आगे और भी दुगुने उत्साह से कार्य करते रहें। यह कार्यक्रम तुलादास मानिकपुरी प्रदेश समन्वयक के मार्गदर्शन में संभागीय समन्वयक संतोष दास मानिकपुरी के अगुवाई में गुरु दास मानिकपुरी एवं समस्त जिला समन्वयक बस्तर संभाग के अथक प्रयास से यह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सामाजिक समरसता का बेजोड़ उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने समाज के बच्चों के साथ साथ अन्य समाज के संभाग भर से आएं मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप अखिल सेन कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा टॉपर, ईशिका बाला कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा टॉपर कांकेर जिले सहित कुल तीस से अधिक मेधावी बच्चे सम्मानित हुए। सभी बच्चे सम्मान पाकर बेहद उत्साहित नजर आए। साथ ही साथ कुछ बच्चे किसी कारण वश कम अंक अर्जित कर थोड़ी पीछे रह गए हैं, ऐसे भी बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से सम्मानित किया गया। इससे उनके मन में भी भविष्य में अच्छे प्रदर्शन करने लालसा जागृत हो सके।

**इनका किया गया सम्मान**

साथ ही समाज के दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी बच्चों जिनमें कृष्णा दास कुलदीप, मोहित कुमार बंछोर, चिंटू दास, लोकेश दास मानिकपुरी, भूमिका महंत, साधना मानिकपुरी, झरना मानिकपुरी, आदित्य मानिकपुरी, नंदकिशोर मानिकपुरी, नमन मानिकपुरी, योगेश्वर, याचना मानिकपुरी ,रितेश दास, रोहिणी, गिरिराज, रवि किरणों, धानवी मानिकपुरी, कार्यालय दास, धान्यश्री मानिकपुरी, अंशु भास्कर, ममता भास्कर व अंजलि भास्कर को भी प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com

12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त , 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ऑकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर -15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411